रौल नं०.......................नाम परीक्षार्थी..................................................

A

X-1

# अर्द्धवार्षिक परीक्षा सन् 2024–25 ई०

## हिन्दी (केवल प्रश्न–पत्र)

समय – 3.15 घण्टा | कक्षा – 10 | पूर्णांक – 70

निर्देश:–(i) यह प्रश्न पत्र दो खण्डों में विभाजित है। खण्ड–क एवं ख है। (ii) खण्ड–क में 20 अंकों के बहुविकल्पीय प्रश्न हैं। (iii) खण्ड–ख में 50 अंक के वर्णनात्मक प्रश्न हैं। (iv) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। सभी प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सम्मुख दिये गये हैं।

### खण्ड–क (बहुविकल्पीय प्रश्न)

निम्न प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर अपनी उत्तर–पुस्तिका में लिखिए :–

1. आलोचना के क्षेत्र में उल्लेखनीय है :– 1
(क) मिश्रबन्धु (ख) सुदर्शन
(ग) गुलाबराय (घ) रामचन्द्र शुक्ल।

2. यशपाल किस युग के लेखक हैं :– 1
(क) द्विवेदी युग (ख) छायावादी युग
(ग) छायावदोत्तर युग (घ) भारतेन्दु युग।

3. 'मेरा जीवन प्रवाह' नामक रचना है :– 1
(क) जीवनी (ख) गद्यगीत
(ग) आत्मक कथा (घ) निबन्ध।

4. 'गबन' विधा है :– 1
(क) नाटक (ख) एकांकी
(ग) उपन्यास (घ) कहानी।

5. 'ध्रुवस्वामिनी' नाटक के रचनाकार हैं :– 1
(क) प्रेमचन्द (ख) हरिकृष्ण प्रेमी
(ग) जयशंकर प्रसाद (घ) रामकुमार वर्मा।

6. 'मित्रता' किस विधा से सम्बन्धित है :– 1
(क) नाटक (ख) कहानी
(ग) संस्मरण (घ) निबन्ध।

7. भिखारीदास कवि हैं :– 1
(क) भक्तिकाल के (ख) रीतिकाल के
(ग) आदिकाल के (घ) आधुनिककाल के।

8. महाकवि भूषण की रचना है :– 1
(क) रेणुका (ख) चिदम्बरा
(ग) दीपशिखा (घ) छत्रसाल–दशक।

9. 'आँसू' की रचना किस कवि ने की :– 1
(क) बिहारी (ख) नरपति नाल्ह
(ग) जयशंकर प्रसाद (घ) अज्ञेय।

10. 'राष्ट्रकवि' की उपाधि से विभूषित हैं :– 1
(क) रामकुमार वर्मा (ख) मैथिलीशरण गुप्त
(ग) महादेवी वर्मा (घ) सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला।

(पृष्ठ पलटिए)

11. निम्नलिखित का स्थायी भाव लिखिए :- 1

सीस पर गंगा हँसै, भुजनि भुजंगा हँसे,
हास ही को दंगा भयो, नंगा के विवाह में॥

(क) हास (ख) निर्वेद
(ग) रति (घ) भय।

12. निम्नलिखित पंक्ति में अलंकार है :- 1

भूरे बालों की-सी-कतरन

(क) उपमा (ख) उत्प्रेक्षा
(ग) रूपक (घ) कोई नहीं।

13. 'अभिलाषा' में उपसर्ग है :- 1

(क) अ (ख) आ
(ग) अधि (घ) अब।

14. प्रत्यय के भेद है :- 1

(क) चार (ख) पाँच
(ग) तीन (घ) दो।

15. 'शताब्दी' में कौन-सा समास है :- 1

(क) द्वन्द्व समास (ख) द्विगु समास
(ग) तत्पुरुष समास (घ) इनमें से कोई नहीं।

16. शत्रु का पर्यायवाची शब्द है :- 1

(क) सहचर (ख) अरि
(ग) मनुज (घ) सखा।

17. अत्याचारः :- 1

(क) वृद्धि (ख) गुण
(ग) यण (घ) दीर्घ।

18. वसुधैव :- 1

(क) वस् + धैव (ख) वसुधा + एव
(ग) वसु + धव (घ) इनमें से कोई नहीं।

19. अति + आचारः :- 1

(अ) अत्याचारः (ब) अतीयाचार
(स) अतिचार (द) कोई नहीं।

20. पञ्चमी विभक्ति, एकवचन :- 1

(क) फले (ख) फलायोः
(ग) फलाभ्याम् (घ) फलात्।

## खण्ड-ब (वर्णात्मक प्रश्न)

21. निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित पूछे गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए :- 6

हँसमुख चेहरा, बातचीत का ढंग, थोड़ी चतुराई या साहस-ये ही दो-चार बातें किसी में देखकर लोग चटपट उसे अपना बना लेते हैं। हम लोग यह नहीं सोचते कि मैत्री का उद्देश्य क्या है तथा जीवन के व्यवहार में उसका कुछ मूल्य भी है। यह बात हमें नहीं सूझती कि यह एक ऐसा साधन है, जिससे आत्मशिक्षा का कार्य बहुत सुगम हो जाता है। एक प्राचीन विद्वान् का वचन है-'विश्वासपात्र

मित्र से बड़ी भारी रक्षा होती है। जिसे ऐसा मित्र मिल जाए, उसे समझना चाहिए कि खजाना मिल गया।'

(क) उपर्युक्त गद्यांश का संदर्भ लिखिए।

(ख) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(ग) सामान्यतया लोग व्यक्ति में क्या देखकर उससे मित्रता कर लेते हैं?

**अथवा**

अश्वारोही पास आया। ममता ने रुक-रुककर कहा-"मैं नहीं जानती कि वह शंहशाह था, या साधारण मुगल; पर एक दिन इसी झोपड़ी के नीचे वह रहा। मैंने सुना था कि वह मेरा घर बनवाने कीं आज्ञा दे चुका था। मैं आजीवन अपनी झोपड़ी के खोदे जाने के डर से भयभीत रही। भगवान् ने सुन लिया, मैं आज इसे छोड़े जाती हूँ। तुम इसका मकान बनाओ या महल, मैं अपने चिर-विश्राम- गृह में जाती हूँ।"

(क) उपर्युक्त गद्यांश का संदर्भ लिखिए।

(ख) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(ग) (अ) शंहशाह शब्द किसके लिए प्रयोग किया गया है?

(ब) 'चिर-विश्राम-गृह' से क्या आशय है?

22. निम्नांकित पद्यांश पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :- 6

ऊधौ मन न भए दस बीस।<br>
एक हुतौ सो गयौ स्याम सँग, को अवराधै ईस।।<br>
इंद्री सिथिल भईं केसव बिनु, ज्यौं देहि बिनु सीस।<br>
आसा लागि रहित तन स्वासा, जीवहिं कोटि बरीस।<br>
तुम तै सखा स्याम सुन्दर के, सकल जोग के ईस।<br>
सूर हमारे नँद-नंदन बिनु, और नहीं जगदीस।।

(अ) उपर्युक्त पद्यांश का संदर्भ लिखिए।

(ब) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(स) 'इन्द्री सिथिल भई केसव बिनु, ज्यौं देही बिनु सीस।' इस पंक्ति में प्रयुक्त अलंकार का नाम लिखिए।

**अथवा**

चींटी को देखा?<br>
वह सरल, विरल, काली रेखा<br>
तम के तागे-सी जो हिल-डुल,<br>
चलती लघुपद पल-पल मिल-जुल<br>
वह है पिपीलिका पाँति!<br>
देखो ना किस भाँति<br>
काम करती वह सतत!<br>
कन-कन करके वह चुनती अविरत!

(अ) उपर्युक्त पद्यांश के शीर्षक एवं कवि का नाम लिखिए।

(ब) 'वह पीपिलिका की पाँति' के द्वारा कवि जीवन के किस आदर्श के प्रति संकेत करता है?

(स) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(पृष्ठ पलटिए)

**23.** निम्नलिखित संस्कृत गद्यांशों में से किसी एक का संदर्भ सहित हिन्दी में अनुवाद कीजिए :– 5

वाराणसी सुविख्याता प्राचीना नगरी। इयं विमलसलिलतरङ्गायाः गङ्गायाः कूले स्थिता। अस्याः घट्टानां वलयाकृतिः पङ्क्तिः धवलायां चन्द्रिकायां बहु राजते। अगणिताः पर्यटकाः सुदूरेभ्यः देशेभ्यः नित्यम् अत्र आयान्ति, अस्याः घट्टानां च शोभां विलोक्य इमां बहु प्रशंसन्ति।

**अथवा**

एकदा बहवः जनाः धूमयानम् (रेलगाड़ी) आरूह्य नगरं प्रति गच्छन्ति स्म। तेषु केचित् ग्रामीणाः केचिच्च नागरिकाः आसन्। मौनं स्थितेषु तेषु एकः नागरिकः ग्रामीणान् उपहसन् अकथयत्–"ग्रामीणाः अद्यापि पूर्ववत् अशिक्षिताः अज्ञाश्च सन्ति। न तेषां विकासः अभवत् न च भवितुं शक्नोति।"

**24.** निम्नलिखित संस्कृत पद्यांशों में से किसी एक का संदर्भ सहित हिन्दी में अनुवाद कीजिए :– 5

(क) नितरां नीचोऽस्मीति त्वं खेदं कूप! कदापि मा कृथाः।
अत्यन्तसरसहृदयो यतः परेषां गुणग्रहीतासि॥

(ख) उत्तरं यत् समुद्रस्य हिमाद्रेश्चैव दक्षिणम्।
वर्ष तद् भारतं नाम भारती यत्र सन्ततिः॥

**25.** अपने पठित खण्डकाव्य के आधार पर उसकी कथावस्तु संक्षेप में लिखिए। 3

**26.** (क) निम्न लेखकों में से किसी एक लेखक का जीवन–परिचय दीजिए और उसकी दो प्रमुख रचनाओं के नाम लिखिए :– 5

(अ) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल (ब) डा. राजेन्द्र प्रसाद

(ख) निम्न कवियों में से किसी एक कवि का जीवन–परिचय दीजिए और उसकी दो प्रमुख कृतियों के नाम लिखिए :–

(अ) सूरदास (ब) बिहारीलाल

**27.** अपनी पाठ्यपुस्तक से कण्ठस्थ किया हुआ कोई एक श्लोक लिखिए जो इस प्रश्न पत्र में न आया हो। 2

**28.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर संस्कृत में लिखिए :– 4

(क) वाराणस्यां कति विश्वविद्यालयाः सन्ति?

(ख) कविः कोकिलं किं बोधयति?

(ग) पुरुराजः गीतायाः कें सन्देशम् अकथयत्?

(घ) ज्ञानं कुत्र सम्भवति?

**29.** निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर निबन्ध लिखिए :– 9

(क) राष्ट्रीय एकता एवं राष्ट्र प्रेम

(ख) हिन्दी का लोकप्रिय ग्रन्थ

(ग) बेरोजगारी की समस्या।

(घ) वृक्षारोपण का महत्व।